# रायगढ़ स्टेडियम में हुआ जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन...
# विकासखण्ड युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी हुए शामिल

**❑ सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है युवा महोत्सव-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल**

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज रायगढ़ स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जानकी काटजू ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल एवं महापौर काटजू ने स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, सीईओ जनपद रायगढ़ रूपेन्द्र पटेल सहित खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में पारंपरिक विधाओं के साथ ही संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा महोत्सव की शुरुआत की है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचल के प्रतिभागियों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त मंच मिल रहा है। इसका आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। जहां सभी विकासखण्ड युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग ले रहे है। जो बेहद खुशी की बात है। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि जिला स्तर पर विजयी होकर संभाग में जाये एवं संभाग के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होकर अपने जिले का नाम रोशन करें।



महापौर जानकी काटजू ने कहा कि शासन प्रदेश के सांस्कृतिक, पारंपरिक व खेल विधाओं को प्रोत्साहित करने करने की दिशा में काम कर रही है। इसके पूर्व विकासखण्ड युवा उत्सव का आयोजन हुआ था। अब जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। यहां विभिन्न पारंपरिक लोक कला, नृत्य, खेल व अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों का पंजीयन हुआ है। जिससे स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के लोक, कला, नृत्य और पारंपरिक खेलों के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी है। उन्होंने जिला स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल होने आये प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बालिकाओं ने जाना रे जाना, सुआ उड़ी जाना रे के छत्तीसगढ़ गीत पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

जिला एवं खेल अधिकारी पाल ने बताया कि सभी विकासखण्डों से विकासखण्ड युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लगभग एक हजार प्रतिभागी आज जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हुए है। जिसमें 15 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिन्दी भाषा, छत्तीसगढ़ी भाषा), शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी/कर्नाटक शैली), सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम (शास्त्रीय वादन), गिटार (भारतीय/पाश्चात्य शैली), मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), (ओड़िसी शास्त्रीय नृत्य), भरतनाटयम (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुड़ी, शास्त्रीय नृत्य, तात्कालिक भाषण विधायें शामिल है। उपरोक्त विधाओं के अतिरिक्त अन्य विधाएं को भी शामिल किया गया। इनमें सुआ, पंथी नृत्य, करमा नाचा, सरहुल, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाचा, फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़, पारम्परिक वेशभूषा, फूड फेस्टिवल, चित्रकला (छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर), वाद-विवाद (तात्कालिक एवं समसामयिक विषयक), क्विज, निबंध, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती के अलावा मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणानुसार राज्य के लोक साहित्य को शामिल किया गया है।

**जिला स्तरीय युवा महोत्सव के विजयी प्रतिभागी-** शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता 40 आयु वर्ग में लैलूंगा विकासखण्ड के रामेश्वर पटेल-प्रथम एवं द्वितीय तमनार के नेहरू लाल राठिया रहे। इसी प्रकार तबला में तमनार के चुड़ामणी मिश्रा-प्रथम एवं द्वितीय खरसिया के गुलाब साहू रहे। लोकगीत समूह में खरसिया के शौकीदास महंत एवं साथी रहे। हारमोनियम वादन में खरसिया के शौकीदास महंत-प्रथम एवं द्वितीय पुसौर के योगेश्वर सिंह रहे। सुआ नृत्य में घरघोड़ा की खुशबू सोनी एवं साथी-प्रथम एवं द्वितीय धरमजयगढ़ विधा मंदिर के भूमिका राठिया एवं साथी रही। कर्मा नृत्य में लैलूंगा की संगीता मिंज एवं साथी-प्रथम, राऊत नाचा में पुसौर के अनिल यादव एवं साथी-प्रथम, पंथी नृत्य में घरघोड़ा के मनकू राम एवं साथी, लोकनृत्य (डंडा नृत्य)पुसौर विकासखण्ड के सेत कुमार मैत्री एवं साथी-प्रथम, एकांकी नाटक में तमनार के आयुष एवं साथी-प्रथम, तात्कालिक भाषण में खरसिया की प्रियंका गुप्ता-प्रथम एवं द्वितीय-धरमजयगढ़ की नेहा ठेठवार रही। क्वीज प्रतियोगिता में पुसौर के नीतेश होता-प्रथम एवं द्वितीय लैलूंगा के दीपक पटेल, पारंपरिक वेशभूषा में तमनार के कोमल रजक-प्रथम एवं द्वितीय खरसिया की प्रियंका गुप्ता रही। चित्रकला प्रतियोगिता में तमनार के टिकेश्वर राठिया-प्रथम एवं द्वितीय लैलूंगा की ईशा पटेल रही। निबंध प्रतियोगिता 40 वर्ष से ऊपर में खरसिया के पुरूषोत्तम गुप्ता-प्रथम, इसी प्रकार 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में धरमजयगढ़ की लालिमा डनसेना-प्रथम एवं तमनार के गुलशन यादव द्वितीय रहे। शास्त्रीय गायन 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में धरमजयगढ़ के ओषराम दिव्या-प्रथम एवं रायगढ़ की आसरा चौहान द्वितीय रही। मृदंग वादन 15 से 40 वर्ग में धरमजयगढ़ के कन्हैया पटेल-प्रथम, बांसुरी वादन में रायगढ़ के कृष्णकांत साहू-प्रथम, तबला वादन में घरघोड़ा के लोकेश डनसेना-प्रथम एवं द्वितीय रायगढ़ के हर्षराज सिंह रहे। सामूहिक लोक गीत में रायगढ़ के शौर्य आचार्य एवं साथी-प्रथम वहीं द्वितीय लैलूंगा की निर्मला यादव एवं साथी रही। कत्थक में पुसौर की धारित्री सिंह चौहान-प्रथम एवं द्वितीय रायगढ़ के विभूति शर्मा रही। 15 से 40 आयु वर्ग में गेड़ी प्रतियोगिता में धरमजयगढ़ के उन्नति सिंह-प्रथम एवं द्वितीय-रायगढ़ के कृष उरांव, 40 से अधिक आयु वर्ग में रायगढ़ के युवराज चौधरी-प्रथम एवं द्वितीय तमनार के राजेश पटनायक रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रषिक्षण में ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में नि:शुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 12 वीं कक्षा एवं आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 8839878315 एवं 07762-299505 से संपर्क कर सकते हैं।

### 52 लोगों का आयुर्वेदिक एवं होम्यापैथी से हुआ निशुल्क उपचार

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग के आदेश अनुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर मीरा भगत के दिशा निर्देश पर अंतरर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन मिनी स्टेडियम रायगढ़ में किया गया जिसमें आयुष चिकित्सा शिविर आयुष विभाग द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर कर इलाज किया गया। जिसमें आयुर्वेद पद्धति द्वारा 27 एवं होम्योपैथी पद्धति द्वारा 25 कुल 52 हितग्राहियों का नि:शुल्क उपचार किया गया इस अवसर पर डॉ रवि पटेल द्वारा आयुर्वेद दिनचर्या आहार बिहार के बारे में बताया गया एवं आयुर्वेद द्वारा पंचकर्म पद्धति से दिव्यांग जनों का इलाज करने हेतु प्रेरित किया गया। इस शिविर में डॉ.रवि पटेल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर शेख सादिक आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉ मुकेश साहू होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं मायाराम गोमती सिदार आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट एवं शैलेश सिंह होम्योपैथिक फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## ट्रक के केबिन में मिले ड्रायवर के शव मामले में हत्या का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा अंतर्गत ग्राम गेरवानी अमरजीत ढाबा के पास 23 नवंबर को ट्रक के केबिन अंदर मिले ड्रायवर की लाश मामले में पूंजीपथरा पुलिस मर्ग जांच उपरांत कल अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 23/11/2022 को ट्रांसपोर्ट रघुवीर सिंह निवासी जगतपुर रायगढ़ द्वारा थाना पूंजीपथरा में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रांसपोर्ट में चलने वाली ट्रक क्रमांक CG 04 JB-9191 का ड्रायवर पिता प्रेम सिंह (उम्र 60 वर्ष) निवासी हीरापुर रायपुर तेन्दुआ रोड़ थाना कबीर नगर रायपुर दिनांक 22/11/2022 को सूर्योदय प्लांट पूंजीपथरा से वेगनेश्वर उरला रायपुर जाने के लिये ट्रक में लोहा लोड़ किया था। ट्रक का ड्रायवर प्रीतम सिंह, गेरवानी के अमरजीत ढाबा में रात को खाना खाया और ढाबा के मिस्त्री मुकेश को बोला कि रात करीब 08:00 बजे उठा देना। रात को मिस्त्री ड्रायवर को 5-6 बार आवाज देकर उठाया, नहीं उठा। तब रघुवीर (ट्रांसपोर्ट) रात्रि करीब 12:30 बजे (दिनांक 23/11/2022) रायगढ़ से गेरवानी जाकर देखा तो गाडी वहीं खडी थी। ट्रक के दरवाजा को खटखटाया तब भी प्रीतम सिंह नहीं उठा तो दरवाजा खोलकर देखा तो प्रीतम सिंह ट्रक के लम्बा सीट में पड़ा था उसके ऊपर कंबल ढका हुआ था जिसे हटाये तो उसके चेहरे पर खून था, फौत हो चुका था। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव का पीएम कराया गया, पोस्टमार्टमकर्ता डॉक्टर से चोट के संबंध में क्योरी रिपोर्ट प्राप्त किया गया जिसमें मृतक के सिर में आयी चोट से मृत्यु होना और मृत्यु की प्रकृति "हत्यात्मक" होना लेख किया गया है, जिस पर कल थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर पूंजीपथरा पुलिस मृतक के वारिसानों, उसके साथ करने वालों से सघन पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर रही है।

## जूटमिल पुलिस की सक्रियता से गिरफ्तार हुआ फरार बाइक चोर

**❑ आरोपी के साथी को गस्त दौरान पकड़ी थी जूटमिल पुलिस, मोहल्लो में फेरी कर करते थे चोरी के लिये रेकी**

**रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल एवं स्टाफ द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर बाइक चोरी में फरार शातिर आरोपी रौनी शेख को आज जूटमिल के सोनकरपारा में संदिग्ध घूमते हुए पकड़ा गया है। आरोपी रौनी शेख को जानकारी नहीं थी कि उसके साथी मोहम्मद आरिफ शेख को जूटमिल पुलिस द्वारा बाइक चोरी में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद रौनी शेख पिता मोहम्मद मन्टू शेख उम्र 29 साल निवासी बरामादर सिल्ला थाना अदरतला जिला जबलपुर (म.प्र.) को जूटमिल के नेतनागर और फटहामुड़ा बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

विदित हो कि 01 दिसंबर की रात्रि गस्त दौरान पकड़े गये आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख पिता मोहम्मद जायदुल शेख उम्र 19 साल निवासी ग्राम खुटगांव थाना मिसरा जिला सुंदरगढ़ ओड़िशा जूटमिल पुलिस को अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि



वह अलग-अलग शहर व गांव में जाकर बर्तन फेरी करने के बहाने घरों में चोरी के लिए रेकी करता है। इसका शाहपुकुर दक्षिण दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) का अफसर मंडल, सैकेत मंडल, मोहम्मद खालिद रायपुर का बाबू शेख, जबलपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला मोहम्मद रौनी शेख सभी मिलकर शहरों में किराए मकान लेकर रैकी और छोटा-मोटा काम कर चोरी करते हैं। आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख बताया कि चोरी में मिले सोना चांदी के जेवर को इनका साथी अफसर मंडल बांग्लादेश तरफ ले जाकर बिक्री करता है और बिक्री से प्राप्त रकम का आपस में सभी लोग बंटवारा करते हैं।

आरोपी बताया कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, बलरामपुर, रायपुर तथा उड़ीसा के बरगढ़, रायगड़ा, कर्नाटक में मोटरसाइकिल तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए हैं। रायगढ़ में रहते हुए अपने साथी मोहम्मद रौनी शेख के साथ मिलकर करीब 6 महीना पहले नेतनागर से मोटर सायकल सी.टी 100 क्रमांक सीजी 13 ए.एल. 1218 और फटहामुड़ा में जूटमिल में अवेंजर मोटरसाइकिल को चोरी करना बताया गया था। आरोपी मोहम्मद रौनी शेख अपने साथी मोहम्मद आरिफ शेख के साथ बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी को जूटमिल पुलिस गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

## चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**❑ खाने-पीने के खर्च के लिए चुराते थे बाइक, तीनों आरोपी भेजे गए रिमांड पर**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन तथा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में शहर में मोटरसाइकिल चोरों पर आज लगातार दूसरे दिन भी कार्यवाही जारी रही है। आज थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा सक्रिय किए गए मुखबीर ने सूचना दिया कि केवड़ाबाड़ी चौक के पास एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है, सूचना पर टीआई कोतवाली द्वारा तत्काल कोतवाली थाने से स्टाफ मौके के लिये रवाना किया गया, जिनके द्वारा केवड़ाबाड़ी चौक पर घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए गए संदेही युवक को हिरासत में लिया गया, पूछताछ में युवक अपना नाम रजनीश कुमार सिंह (उम्र 19 साल) निवासी दीनदयाल अपार्टमेंट रायगढ़ का रहने वाला बताया जिसे थाने



लाकर कड़ी पूछताछ करने पर संदेही रजनीश बताया कि वो अपने साथी गुलशन श्रीवास निवासी खैरपुर कोतरारोड़ के साथ मिलकर पिछले महीने अक्टूबर माह में अटल आवास रायगढ़ से होंडा साइन GJ 17 AM-4076 को चोरी किए थे जिसे जिंदल कॉलोनी में रहने वाले भारत मिश्रा (उम्र 18 साल) के पास रु.3,000 में बेच दिये। इसके साथ ही आरोपी रजनीश अपने साथी गुलशन श्रीवास के साथ शहर में दो और मोटरसाइकिल (हीरो स्प्लेंडर और एचएफ डिलक्स) को चोरी कर छिपा रखना बताया।

आरोपी रजनीश सिंह से मिली जानकारी पर कोतवाली पुलिस की टीम आरोपी गुलशन श्रीवास और भारत मिश्रा को हिरासत में लिया गया। भारत मिश्रा से अटल आवास से चोरी मोटरसाइकिल होंडा साइन GJ 17 AM-4076 तथा आरोपी गुलशन श्रीवास के पास से एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स एवं आरोपी रजनीश सिंह के पास से मोटरसाइकिल होंडा स्प्लेंडर CG 13- 7828 जप्त किया गया है। बरामद मोटरसाइकिल होंडा साइन GJ 17 AM-4076 के चोरी के संबंध में वाहन स्वामी बृजेश पुरी पिता अवधेश पुरी निवासी कोतरारोड द्वारा 3 अक्टूबर को थाना कोतवाली में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिसके अनुसार 2 अक्टूबर को उसकी बाइक अटल आवास के पार्किंग से चोरी होना बताया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताये कि खाने-पीने के शौंक ने उन्हें बाइक चोर बना दिया। आरोपियों से जप्त तीनों बाइक की कीमत करीब रु.90,000 रूपये के हैं, बरामद दो बाइक पर पृथक से कोतवाली पुलिस द्वारा इस्तगासा धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की गई है। तीनों आरोपी-(1) रजनीश कुमार सिंह पिता राजकुमार सिंह उम्र 19 साल निवासी दीनदयाल अपार्टमेंट थाना कोतवाली रायगढ़ (2) गुलशन श्रीवास पिता संपत्ती श्रीवास उम्र 22 साल निवासी खैरपुर सीतापुर थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ (3) भारत मिश्रा पिता नारायण मिश्रा उम्र 18 साल निवासी जिंदल कॉलोनी थाना कोतरारोड़ जिला रायगढ़ को वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी एवं मोटर सायकल की बरामदगी की कार्यवाही में उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, एएसआई राकेश शर्मा, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे एवं उत्तम सारथी की अहम भूमिका रही है।

## 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाई

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कल दिनांक 02.12.2022 थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में ग्राम गेरवानी, तराईमाल में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा शराब रेड कार्रवाई किया गया। जहां गेरवानी के लोहरापारा पानी टंकी के पास और गेरवानी सार्वजनिक मंच के पास तथा ग्राम तराईमाल बाजार चौक के पास खुले में शराब पी रहे 3 लोगों पर धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

वहीं मुखबिर सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम तराईमाल के संजय उरांव के घर दबिश देकर शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि संजय उरांव घर में अवैध



रूप से महुआ शराब बिक्री करता है। रेड कार्रवाई दौरान आरोपी घर के आंगन में अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपी संजय उरांव पिता माधोराम उरांव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम तराईमाल थाना पूंजीपथरा के कब्जे से प्लास्टिक डिब्बा में 15 लीटर महुआ शराब कीमत 1500 रूपये की जप्ती कर आरोपी पर धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा टीआई जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक चन्द्र शेखर चन्द्राकर, अनूप मिंज शामिल थे।

## सर्वेश्वरी स्कूल के बच्चों को महिला रक्षा टीम प्रभारी ने बताया गुड टच और बैड टच

**❑ सर्वेश्वरी स्कूल और विजय लक्ष्मी समूह में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बताई गई विविध कानून**

**रायगढ़।** पुलिस महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा के नेतृत्व में आज जूटमिल के सर्वेश्वरी हाई स्कूल और विजय लक्ष्मी समूह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला संबंधी कानूनों व विविध अपराधों के संबंध में महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा एवं उनके स्टाफ द्वारा जानकारी दिया गया।

रक्षा टीम प्रभारी द्वारा स्कूली बच्चों को डेमो देकर अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में बताया गया और ऐसी हरकत करने वालों से सतर्क रहने की समझाइश दी। बच्चों से गुड टच-बेड टच के बारे में कई सवाल पूछे गये।

विजय लक्ष्मी समूह की महिलाओं के बीच रक्षा टीम प्रभारी द्वारा साइबर क्राइम व महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही उन्हें घरेलू हिंसा तथा यौन उत्पीड़न पर पुलिस एवं विधिक सहायता से प्राप्त होने वाले सहयोग के बारे में बताई।

लिंग भेदभाव के संबंध में बताया गया कि महिलाएं पुरुषों से कंधा मिलाकर हर जगह अपना परचम लहरा रही है, ऐसे में लिंग अनुसार भेदभाव सही नहीं है। कार्यक्रमों में महिला रक्षा टीम प्रभारी द्वारा "अभिव्यक्ति ऐप, मानव तस्करी के संबंध में भी जानकारी दिया गया है। कार्यक्रम में माया दत्ता मैडम, डॉ0 अमर सिंह, तरकिम, दया साव, सविता साव (BM ) तथा रक्षा टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## दिव्यांगों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 लोगों को मिला दिव्यांगजन सम्मान

**❑ असाधारण प्रतिभा के धनी होते हैं दिव्यांगजन-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल**

**❑ अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का हुआ आयोजन**

**रायगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज मिनी स्टेडियम रायगढ़ में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जानकी काटजू ने की। इस अवसर पटेल ने दिव्यांगों का सम्मान एवं सहायक उपकरणों का वितरण भी किया।




जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जो प्रतिभा देखने को मिली है वह शायद सामान्य लोगों में भी नहीं होगी। उनकी प्रतिभा का सम्मान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांग जनों की प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बना कर कार्य किया जाएगा। शासन हर वर्ग के साथ दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है, उनका लाभ लें और आगे बढ़े। दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य लाभ के लिए आज मेडिकल बोर्ड द्वारा विशेष कैंप भी लगाया है, उनका लाभ निश्चित ही दिव्यांगो को मिला है। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा एवं आयुक्त नगर पालिक निगम संबित मिश्रा उपस्थित रहे।

उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांगजन समान अवसर, समान भागीदारी की भावना के अनुरूप दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 व्यक्तियों को जिला दिव्यांगजन सम्मान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं के माध्यम से अनेक दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। जिसमें दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन के 06 हितग्राहियों को 4 लाख रुपए का चेक, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 06 हितग्राहियों को 01 लाख 20 हजार का चेक, 05 हितग्राहियों को नवीन पेंशन योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र, 115 दिव्यांगजनों को दिव्यांग विशिष्ट पहचान पत्र (यूडीआईडी) कार्ड का वितरण एवं 13 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण अतिथियों के द्वारा प्रदाय किया गया। अंत्यावसायी एवं जिला रोजगार विभाग द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए 12 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया। इसी प्रकार एमआरसीपी एवं मानसिक दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के लिए मेडिकल बोर्ड द्वारा विशेष कैम्प लगाया गया। जिसमें 21 दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के स्वैच्छिक संस्थाओं उन्नायक सेवा समिति, नंदा सरकुलेशन संस्थान, जय बुढ़ी मॉई समाज सेवा संस्था, आशा द होप के बच्चों द्वारा प्रस्तुत विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में सदस्य जिला पंचायत संगीता गुप्ता, सीईओ जनपद रूपेन्द्र पटेल, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह, जिला महिला बाल विकास अधिकारी अतुल दाण्डेकर, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, जिला अंत्यावसायी अधिकारी, जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम, शेख ताजीम एवं सहित जिला स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480